Regarding irregularities in Har Ghar Nal Jal Yojana

श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) : धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हर घर नल जल योजना के क्रियान्वयन में हो रही गड़बड़ियों और भारी कमियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। सरकार ने हर घर नल जल योजना को एक महत्वाकांक्षी और ऐतिहासिक पहल बताया है, लेकिन जमीन पर इसकी हकीकत कुछ और ही है। मैं औरंगाबाद लोक सभा क्षेत्र और गया जिले की बात कर रहा हूँ। प्रत्येक दिन लगभग दो, चार-पांच शिकायतें आती रहती हैं । यह शिकायतें आती रहती हैं कि महीनों से कहीं पर मोटर जली हुई है, जिसके कारण नल-जल योजना बंद है। कहीं पर कई महीनों से स्टार्टर जला हुआ है, जिसके कारण नल-जल योजना बंद है । कहीं पाइप लाइन फट गई है, तो कहीं पानी की टंकी गिर कर फूट चुकी है, जिस कारण नल-जल योजना बंद है ।

महोदय, योजना में खराब गुणवत्ता की सामग्री लगाई गई है, जिससे कुछ ही महीनों में लीकेज या टूट-फूट हो रही है और हरेक वार्डों में यह समस्या है। हम आग्रह करना चाहेंगे कि कई गांवों में महीनों से एक बूंद भी पानी उस वार्ड में नहीं पहुंच रहा है, फिर भी सरकार रिकार्ड में दिखाती है कि हर घर जल पहुंच चुका है। जिन घरों को हर घर नल से जल दिखाया गया है, वहां वास्तव में जल सप्लाई हफ्ते में एक-दो बार ही हो पाती है ।

महोदय, यह योजना माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा घोषित एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य था कि हर घर तक स्वच्छ पेय जल पहुंचे। लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूॅं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में इस योजना का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। जिन क्षेत्रों में कार्य अधूरा या खराब तरीके से हुआ है, वहां पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि हर घर को नियमित रूप से पर्याप्त पीने का पानी कम से कम सरकार उपब्ध कराए।

धन्यवाद ।